<u>कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

प्रेस-नोट

<u>दिनांकः- 05/06/2024</u>

<u>विषय:-</u> **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार जिनके कब्जे से विभिन्न क्षेत्रें से चोरी किये गये कुल 04 अदद विभिन्न कम्पनियों के एन्ड्रायड मोबाइल फोन जिसमें से एक की पैड मोबाइल फोन (कीमती करीब 35 हजार) बरामद ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 04/05.06.2024 को थाना कोतवाली द्वारा मुखबिर की सूचना पर हरिश्चन्द्र पार्क के पीछे वाले गेट के पास से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किये गये कुल 04 अदद विभिन्न कम्पनियों के एन्ड्रायड मोबाइल फोन जिसमें से एक की पैड मोबाइल फोन (कीमती करीब 35 हजार रुपये) बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 51/24 धारा 41/411/414 भादवि में पंजीकृत किया गया दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही बरामद मोबाइल फोन में से एक फोन ओप्पो कम्पनी का एसएसपीजी हास्पिटल कबीर चौरा से चोरी हुआ था जिसके धारक द्वारा थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 379 भादवि की बढोत्तरी किया गया है और गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>घटना का विवरणः-</u> अभियुक्तगण के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये कुल 4 अदद विभिन्न कम्पनियों के एन्ड्रावड मोबाइल फोन जिसमें से एक की पैड मोबाइल फोन (कीमती करीब 55 हजार रुपये) बरामद होना।

<u>विवरण पूछताछः-</u> पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग आपस मे बहुत अच्छे मित्र है हर गलत काम मे दोनो हमेशा एक दूसरे के साथ रहते है हम दोनो मिलकर कबीरचौरा जिला अस्पताल के इमरजेन्सी वार्ड मे भीड का फायदा उठाकर मरीज औऱ उसके परिजन की मोबाईल चोरी कर लेते है। तथा कभी कभी अस्पताल मे भर्ती मरीज जब रात सो जाता है उसका परिजन बनकर वार्ड मे पहुंच जाते है औऱ मरीज के पास रखे उसके मोबाईल को चोरी कर लेते है चोरी करते ही उसके सिम को निकाल कर नाली मे फेक देते है औऱ उस मोबाईल को राह चलते राहगीर से सौदा करके 4 से 6 हजार रूपये मे बेचकर उस पैसो का बटवारा आपस मे करके अपनी गलत आदतो एवं अपने एशो आराम मे खर्च करते है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. रविन्द्र भारद्वाज पुत्र भैयालाल निवासी नक्खीघाट थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी उम्र 20 वर्ष वर्ष।
2. गोलू उर्फ आकाश राजभर पुत्र मुन्नू राजभर निवासी कोनिया सट्टी थाना आदमपुर जनपद वाराणसी उम्र 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 अदद एड्राइड टच स्कीन बारंग नीला , आईएमइआई 1....866904045686918, 2....866904045686900
2. 01 अदद एड्राइड आईटेल कम्पनी बारंग नीला , आईएमइआई 1....351902951019001, 2.....351902951019019 01 अदद वीवो कम्पनी का एन्ड्रायड मोबाइल फोन।
3. एक अदद की पैड मोबाईल लावा ए9 कम्पनी बारंग काला, सफेद की- पैड, आईएमइआई 1.....354962181399034, 2.....354962181399042
4. एक अदद नीले रंग का मोबाईल एड्राइड टच स्क्रीन पोको कम्पनी का।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः- दिनांक- 21.05.2024 स्थानः- विशेश्वरगंज गल्ला मण्डी के पास अंग्रेजी शराब के दुकान के पास से थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 कुलदीप सिंह थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 शिवम भारती थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. का0 सत्यम चौरसिया, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी